पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में हुआ वृहद् सफाई अभियान

———————

राजभवन के सभी अधिकारियों एवम कर्मचारियों ने स्वच्छांजलि कार्यक्रम में भाग लिया

———————

चिन्हित स्थलों को स्वच्छ बनाने तक स्वच्छता अभियान में तल्लीन नज़र आयीं सभी टीमें

———————

राज्यपाल ने राजभवन में चले स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया

———————

लखनऊ : 01 अक्टूबर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज राजभवन में गांधी जयंती के एक दिन पहले वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें राज्यपाल जी के साथ राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजभवन के अधिकारियों के नेतृत्व में 20 टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों में बड़ी संख्या में अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने अपने चिन्हित स्थलों में उत्साहपूर्वक साफ सफाई की। टीम के लीडर जहाँ सफाई अभियान में स्वयं

जुटे रहे वहीं अपनी टीम की हौसलाअफजाई करते भी नज़र आये। सफाई अभियान के दौरान डेंगू तथा अन्य संक्रामक रोगों की सम्भावना वाले स्थलों पर विशेष रूप से सफाई की गयी और चूने का छिड़काव करके स्थल को स्वच्छ और संक्रमण मुक्त बनाने में योगदान दिया गया। सभी टीमें निर्धारित समय 01 घंटा के उपरान्त भी अपने चिन्हित स्थलों को स्वच्छ बनाने में तल्लीन नज़र आयीं।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सफाई कार्यों का अवलोकन भी किया। ज्ञातव्य है की राज्यपाल जी ने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अध्यासितों को आज देशव्यापी स्वच्छांजलि कार्यक्रम में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए यह भी अपेक्षा की है कि सभी लोग अपने परिसरों तथा कार्यालयों की स्वच्छता को निरंतर बनाये रखें। यहाँ उल्लेखनीय है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से मन की बात के अपने 105वें एपिसोड में गाँधी जयंती के एक दिन पूर्व प्रातः 10 बजे से एक घंटे सफाई अभियान में श्रम दान करके महात्मा गाँधी जी को स्वच्छांजलि देने की अपील की थी। इसी क्रम में आज समस्त राजभवन ने भी राज्यपाल जी निर्देशन में श्रद्धा और समर्पण के साथ इस वृहद् अभियान में अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर अभियान में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने सभी टीमों का स्थान चिन्हिकरण तथा टीम सदस्यों के निर्धारण के साथ स्वयं का भी योगदान देते हुए स्वच्छता अभियान सम्पन्न कराया।

राम मनोहर त्रिपाठी, सहायक निदेशक
डा0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361